## विकल्प—II ( छायावाद )

21. निम्नलिखित काव्यांश की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।

विषमता की पीड़ा से व्यस्त
    हो रहा स्पंदित विश्व महान;
यही दुख सुख विकास का सत्य
    यही भूमा का मधुमय दान।

22. छायावाद की वैचारिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालिए।

23. निराला की रचनात्मकता 'वादों' का अतिक्रमण करती है – चर्चा कीजिए।

24. 'पल्लव' की भूमिका का काव्य-चिंतन में एक ऐतिहासिक महत्व है' – स्पष्ट कीजिए।

25. 'महादेवी वर्मा के रचना संसार का ताना-बाना दुख, वेदना, पीड़ा और करुणा से निर्मित है' – विचार कीजिए।

## विकल्प—III ( कथा-साहित्य )

21. निम्नलिखित गद्यांश की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।

विद्रोही हृदय की एक विशेषता है कि वह अपने विकास में फैलते हुए नूतनतम विचारों को अपनाकर भी विद्रोही ही रह जाता है; क्योंकि वह अपने काल के अग्रणी लोगों से भी आगे ही रहता है। इसी लिए तो प्रतिक्रियावादी जर्मनी में उत्पन्न होकर और पलकर भी आइनस्टाइन विद्रोही हैं, और संसार के सबसे विराट्, सबसे अधिक आग्नेय घोरतम युग-प्रवर्तक रूसी क्रान्ति की गोद में पलकर भी स्टेलिन विद्रोही नहीं हो पाया, जूठन बीननेवाला ही रह गया है।

22. मध्यवर्ग के उदय के साथ हिन्दी उपन्यास का विकास जुड़ा है – स्पष्ट कीजिए।

23. 'निपुणिका की चरित-सृष्टि रचनाकार की नारी-मुक्ति की आकांक्षा हैं' – विचार कीजिए।

24. 'दलित साहित्य समता, न्याय और बंधुत्व की आधार शिला पर खड़ा साहित्य है' – स्पष्ट कीजिए।

25. समकालीन हिन्दी कहानी के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

## विकल्प—IV ( काव्यशास्त्र और आलोचना )

21. 'रीतिरात्मा काव्यस्य' – विश्लेषण कीजिए।

22. 'अनुमितिवाद' पर प्रकाश डालिए।

23. डॉ० रामविलास शर्मा की आलोचना-दृष्टि को स्पष्ट कीजिए।

24. वर्ड्सवर्थ के काव्य-भाषा सिद्धान्त की विवेचना कीजिए।

25. विखण्डनवाद की अवधारणा पर प्रकाश डालिए।

